शनिवार
05 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने में मिली गड़बड़ी डीएम ने जिम्मेदारों को जमकर फटकारा 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

छोटी खबरें

उप्र भाजपा के खतौली विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द

लखनऊ। आजम खान के बाद यूपी के एक और विधायक की सदस्यता रद्द कर दी गई है। मुजफ्फरनगर से भाजपा के खतौली विधायक विक्रम सैनी की भी सदस्यता कर दी गई। पिछले दिनों कोर्ट ने विधायक को दो-दो साल की सजा सुनाई थी, हालांकि विधायक को तुरंत जमानत मिल गई थी। शुक्रवार को उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई की गई। जल्द ही विक्रम सैनी की सीट को विधानसभा सचिवालय रिक्त घोषित करेगा। इससे पहले सपा के पूर्व मंत्री और कद्दावर नेता आजम खान को भी इसी तरह के मामले में सदस्यता समाप्त की गई थी। अब यहां उपचुनाव तय माना जा रहा है। मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान कवाल में सचिन और गौरव की हत्या के अगले दिन दो पक्षों के बीच हुए बवाल में नामजद खतौली विधायक विक्रम सैनी समेत 12 लोगों को अदालत ने दो-दो साल कारावास की सजा सुनाई थी।

जालसाजी के आरोपी डा. अभिषेक की 100 करोड़ की संपत्ति जब्त

गोरखपुर। बिना मान्यता के नर्सिंग कालेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने के आरोपी डा. अभिषेक यादव के खिलाफ उप्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके, उसकी पत्नी व बहन की कुल करीब 100 करोड़ की संपत्ति को जब्त कर लिया। पुलिस और प्रशासन की टीम ने कोतवाली क्षेत्र के दुगार्बाड़ी रोड पर स्थित राज नर्सिंग होम को कुर्क करते हुए ताला लगा दिया। अलग-अलग स्थानों पर स्थित डा.अभिषेक और उससे जुड़े लोगों की कई अन्य सम्पत्तियों को भी जब्त किया गया है। अलग-अलग बैंकों में स्थित आरोपितों के 15 से अधिक बैंक खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है।

टेम्पो के तहखाने से ढाई लाख रुपए की शराब बरामद

बक्सर। बिहार-उप्र के बार्डर बक्सर में शुक्रवार की दोपहर उत्पाद विभाग की टीम ने एक टेंपो के तहखाने से ढाई लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की है। टेंपो जैसे ही गाजीपुर जिले से कर्मनाशा पुल के रास्ते बिहार में प्रवेश किया वैसे ही उसे दबोच लिया गया। टेंपो में डाले के नीचे नट-बोल्ट के सहारे कसकर एक जगह बनाई गई थी, इसी में शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने जब वाहन के तहखाने को उठाकर देखा तो उसके नीचे सैकड़ों पाउच शराब छुपाकर रखी गई थी। उत्पाद विभाग चेक पोस्ट पर तैनात निरीक्षक मध्य निषेध दिलीप सिंह ने बताया टेंपो से 785 ट्रेटा पैक, 750 एमएल के 24 बोतल बरामद किए गए, जिसकी कीमत ढाई लाख के पास है। वहीं वाहन चालक तस्कर की पहचान बक्सर बाबा नगर निवासी चंदन के रूप में हुई है।

ऑनलाइन दाखिल-खारिज में अब नहीं चलेगी अंचल कर्मियों की मनमानी

केटी न्यूज/पटना

ऑनलाइन दाखिल-खारिज में अब अंचल कर्मियों की मनमानी नहीं चलेगी। राज्य सरकार मनमानी रोकने के लिए जल्द ही नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है। सरकार नई व्यवस्था 'फीफो' यानी फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट, व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है। मतलब यह व्यवस्था लागू करने के बाद म्युटेशन के जो आवेदन पहले आएंगे, उसका निपटारा पहले करना अंचल कर्मियों की मजबूरी होगी। इससे अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर म्युटेशन के मामलो में पिक एंड चूज नहीं कर पाएंगे। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को आसान और आमजन की सहूलियत के उद्देश्य से नई व्यवस्था को लागू करने की



- नई व्यवस्था फीफो को लागू करने की तैयारी, ट्रायल के तौर पर कुछ जिलों से होगी शुरूआत
- राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता ने अधिकारियों के साथ की बैठक

तैयारी है। शुक्रवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया।

जानकारी के अनुसार फीफो को पहले ट्रायल के तौर पर कुछ अंचलों में लागू किया जाएगा और फिर उससे प्राप्त इनपुट के आधार पर इसे राज्य के सभी 534 अंचलों में लागू किया जाएगा। बैठक में उन अंचलों के बारे में चर्चा की गई, जिनमें प्रारंभिक तौर पर फीफो को लागू किया जा सकता है। फीफो को शुरूआत में हाजीपुर, समस्तीपुर, भागलपुर, सीवान और नवादा के कुछ अंचलों में लागू करने की संभावना पर विचार किया गया। इनमें कुछ बड़े तो कुछ छोटे, जबकि कुछ सदर और कुछ दूर-दराज के अंचल हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने आमलोगों की शिकायतों के समाधान की विभागीय व्यवस्था की जानकारी ली।

लोगों की शिकायतों को सूचीबद्ध करने के लिए जारी करें व्हाट्सअप नंबर

उन्होंने लोगों की शिकायतों को सूचीबद्ध करने के लिए ई-मेल और व्हाट्सअप नंबर जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही शिकायतों के समय सीमा के भीतर निपटारे की मुकम्मल व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। इसके लिए विभाग में एक सेल बनाने का आदेश दिया गया, जो ऑनलाइन माध्यम से आई शिकायतों के निपटारे की मॉनिटरिंग करेगी। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बगैर वाजिब कारण के दाखिल खारिज के मामलों को अस्वीकृत नहीं किया जाए। अगर सही वजहों से दाखिल खारिज के किसी मामले को अस्वीकृत करना अगर आवश्यक हो तो भी उसके बारे में विस्तार से और लिखित में बताया जाए। साथ ही अस्वीकृत करने से पहले जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए आवेदक को एक मौका जरूर दिया जाए। अंचल कार्यालय समेत सभी राजस्व कार्यालयों में किसी भी मामले की सुनवाई दोबारा नहीं होगी।

बगैर कारण बताए आवेदन अस्वीकृत करने पर होगी कार्रवाई

बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि दाखिल खारिज समेत कई मामले खारिज किए जाने के बाद दोबारा दायर कर दिए जाते हैं और दूसरी बार उनका निष्पादन कर दिया जाता है। इस प्रवृति पर रोक लगाए जाने की जरूरत है। मंत्री ने यह भी कहा कि अंचल अधिकारी बगैर कारण बताए आवेदन अस्वीकृत कर रहे हैं, जिससे विभाग की बदनामी हो रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग भी विभागीय स्तर से और कड़ाई से करने का निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिया गया। सभी कर्मियों की जिम्मेदारी तय होगी और जो भी अंचलकर्मी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

झारखंड : छापेमारी का कारण और बरामदगी संबंधित जानकारी का नहीं हुआ खुलासा

कांग्रेस विधायक अनूप सिंह और प्रदीप यादव के ठिकानों पर आयकर का छापा

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले- बीजेपी के इशारे पर मेरे विधायकों के घर पड़ा छापा
- रांची स्थित न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर भी छापेमारी

एजेंसी/रांची

झारखंड कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव और अनूप सिंह के आवास पर शुक्रवार की सुबह आयकर विभाग ने छापा मारा। प्रदीप यादव पोड़ैयाहाट से विधायक हैं, वहीं अनूप सिंह बेरमो से विधायक हैं। प्रदीप यादव के रांची के कांके रोड स्थित पर घर में आयकर विभाग ने छापेमारी की। वहीं विधायक अनूप सिंह के फुसरो के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास, रांची के डीवडीह पुल स्थित साईं विहार कॉलोनी और पटना के ठिकानों पर भी सर्च अभियान चलाया। आयकर विभाग की टीम ने साईं विहार कॉलोनी में रहनेवाले औरंगाबाद निवासी उधम सिंह का आवास को भी खंगाला। बताया



अनूप सिंह का आरोप: मुझे खरीदने की कोशिश की गई, जब नहीं बिका तो यह कार्रवाई हुई

अनूप बेरमो विधायक अनूप सिंह ने अपने आवास पर पड़े आईटी की छापेमारी को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है। अनूप सिंह ने कहा कि मुझे खरीदने की कोशिश की गई लेकिन मैं नहीं बिका। आईटी की ये कार्रवाई उसी की प्रतिक्रिया है। अनूप सिंह ने कहा कि जो भी नेता बीजेपी की बात नहीं मानेगा उसके घर पर आईटी, सीबीआई या ईडी की रेड होगी। अनूप सिंह ने कहा कि मैंने सिद्धातों से समझौता करना स्वीकार नहीं किया, ये बात बीजेपी को नागवार गुजरी। अनूप सिंह ने कहा कि जो बीजेपी के साथ नहीं होगा उसे इस दौर से गुजरना होगा। सभी विधायकों के साथ ऐसा हो सकता है। अनूप सिंह ने कहा कि मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया। मैंने इंकार कर दिया। मैंने उस पूरी साजिश का खुलासा किया। शायद, ये कार्रवाई उसी का नतीजा है। गौरतलब है कि 30 जुलाई को झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों, डॉ. इरफान अंसारी, नमन बिक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को 49 लाख रुपये कैश के साथ हावड़ा में गिरफ्तार किया गया था। 31 जुलाई को अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाना में केस दर्ज करवाया। आरोप लगाया कि डॉ. इरफान अंसारी ने उन्हें बीजेपी के सहयोग से मौजूदा हेमंत सरकार को गिराने के एवज में पैसों और मंत्रीपद का लालच दिया था।

जाता है कि विधायक अनूप सिंह के करीबी उधम सिंह बड़े ठेकेदार हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन ने बीजेपी पर बोला हमला

कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि जिस प्रकार बीते कुछ समय से केंद्र सरकार गैर-बीजेपी शासित राज्यों में सरकार को अपदस्थ करने का काम कर रही है, मौजूदा कार्रवाई उसी की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गैर-बीजेपी शासित राज्यों में सरकार गिराने की जो पटकथा लिखी थी, उसी को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी राजनीतिक रूप से मात खाती है तो ऐसे कुत्सित षड्यंत्रों का सहारा लेती है। वहीं, बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि बीजेपी की बात नहीं मानने पर ऐसा ही होता है।

ढोरी कोल एरिया प्रोजेक्ट में क्वार्टर मेंटेनेंस को लेकर टेंडर में गड़बड़ी सामने आई है। यह टेंडर 12 करोड़ का है। इसी टेंडर में हुई गड़बड़ी पर आयकर विभाग की नजर है। छापेमारी पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि बीजेपी के इशारे पर मेरे विधायकों के घर छापा पड़ रहा है। बीजेपी नेता की गाड़ी से आईटी के अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का यह दुरुपयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्हें डूब मरना चाहिए।

बता दें कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह का नाम कांग्रेस विधायकों के हालिया कैश कांड में सामने आया था। दरअसल, कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगाड़ी के हावड़ा में 49 लाख रुपये कैश के साथ पकड़े जाने के बाद अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि डॉ. इरफान अंसारी ने उन्हें बीजेपी के सहयोग से सरकार गिराने में मदद करने के एवज में 10 करोड़ रुपये कैश और मंत्रीपद का ऑफर दिया था। मामले में कोलकाता पुलिस ने अनूप सिंह से भी पूछताछ की थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर किस आधार पर और किन वजहों से दोनों विधायकों के ठिकानों पर आईटी टीम ने रेड किया है। कांग्रेसी नेताओं के अलावा रांची स्थित न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। रांची में टीमें 8 गाड़ियों से पहुंची थी। टीम दोनों विधायकों के गोड्डा, रांची के कांके रोड और डोरंडा स्थित नौ ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह कार्रवाई कोयले से जुड़ा है।

आभूषण व्यवसायी अपहरण कांड में शामिल एक युवक गिरफ्तार

अपहरण में इस्तेमाल की गई कार बक्सर से बरामद



केटी न्यूज/आरा

आरा और पटना के आभूषण व्यवसायी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता अपहरण कांड में पुलिस की तफ्तीश तेज हो गयी है। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल कार बरामद कर ली है। एक-दो बाइक भी जब्त किया गया है। इस कांड में शामिल रितेश नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वह मुख्य आरोपित सह व्यवसायी के मार्केट के किरायेदार अमर कुमार का दोस्त है। वहीं पूर्व किरायेदार सहित तीन-चार अन्य लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

गिरफ्तार रितेश ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। हालांकि अब तक व्यवसायी के बारे में ठोस क्लू नहीं मिल सका है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से गिरफ्तारी और कार बरामदगी की पुष्टि की गयी है। एसपी के अनुसार कार बक्सर इलाके में रेलवे स्टेशन के पास से बरामद की गयी है। गिरफ्तार व हिरासत में लिये लोगों की निशानदेही पर व्यवसायी की सकुशल बरामदगी की कोशिश की जा रही है। इधर, 48 घंटे बाद भी व्यवसायी की बरामदगी नहीं होने परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। हालांकि पुलिस व्यवसायी की बरामदगी को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

मोबाइल टावर लोकेशन और आरोपितों की निशानदेही पर शुक्रवार को भी पुलिस पूरे दिन बिहिया और बक्सर सहित सीमावर्ती अन्य जिलों में व्यवसायी की तलाश करती रही। एसपी के नेतृत्व में पुलिस व डीआईयू टीम लगातार छापेमारी करती रही। वहीं फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। इसके लिए टीम भी बुलायी गयी थी। बावजूद उसके व्यवसायी का अबतक सुराग नहीं मिल सका है। इधर, अगवा व्यवसायी के पुत्र उदय प्रकाश गुप्ता के बयान पर दो किरायेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। अबतक व्यवसायी की बरामदगी नहीं होने पर बार एसोसिएशन और व्यवसायी संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो सिपाही जख्मी

- बगेन थाना क्षेत्र के कैथी टोला महादलित बस्ती की है घटना, चार गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव के बगेन थाना क्षेत्र के कैथी डेरा गांव के रहनेवाले एक फरार शराब तस्कर को गुरुवार की रात गिरफ्तार करने गई स्थानीय पुलिस पर ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में दो सिपाही जख्मी हो गए। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए रघुनाथपुर सीएचसी भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने पलटवार करते हुए हमला करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार कैथी डेरा निवासी पुप्पल मुसहर शराब तस्करी मामले का आरोपी है तथा वह फरार चल रहा है। उसी को गिरफ्तार करने बगेन थाने की पुलिस पहुंची थी। लेकिन बस्ती के कुल चौदह लोगों ने मिल पुलिस टीम पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पुलिस घबड़ा गई। इस दौरान दो सिपाहियों को चोटें आई हैं। इसके बाद जबावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने उक्त चारों के अलावे 10 अन्य अज्ञात पर मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी व पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। जख्मी सिपाहियों में तुलसी प्रसाद व धर्मेन्द्र पासवान शामिल है। जिनका इलाज रघुनाथपुर सीएचसी में चल रहा है।

राजद ने अल्पसंख्यकों के साथ किया सौतेला व्यवहार : पीके

एजेंसी/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आए दिन हमला बोलनेवाले राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने अब राजद को निशाने पर लिया है। राजद पर हमला बोलते हुए कहा है कि अल्पसंख्यकों के साथ इन्होंने भेदभाव किया है। इन्हें बंधुआ मजदूर बना लिया है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों के भविष्य की चिंता किए बगैर एक ही पार्टी के लिए वोट कर रहे हैं। सब कुछ गंवा कर भी आप उनको वोट कर रहे हैं। महागठबंधन अभी बना है। जब नीतीश कुमार भाजपा के साथ थे तो भाजपा के दो उपमुख्यमंत्री थे, विधायक 75 थे। राजद के पास 77 विधायक हैं, फिर भी दूसरा



उपमुख्यमंत्री नहीं है। राजद के दो ही पैर हैं, एम और वाइ। अगर दूसरा उप मुख्यमंत्री बनेगा तो लोग कहेंगे कि भइया, एम को बनाओ। उनको भी पता है आप जाइएगा कहां, भाजपा से लड़ाई है। रोकर भी आपको उन्हें ही वोट देना ही पड़ेगा। 10 साल से मैं भाजपा से लड़ रहा हूं और ये लोग मुझे भाजपा की बी टीम बता रहे हैं। वे जन सुराज पदयात्रा के 33वें दिन योगापट्टी प्रखंड के पिपरहिया में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

बिहारी का मतलब मजदूर नहीं, यह सोच बदलनी होगी

प्रशांत किशोर ने कहा कि मोटरसाइकिल चला रहे हैं हमारे लड़के, बनता हरियाणा और महाराष्ट्र में है। हम लोग घर बनवाते हैं तो सीमेंट और छड़ लगता है, बनता मध्य प्रदेश में है। आपलोग गाड़ी चलाते हैं, गाड़ी कहां बनती है- गुजरात और तमिलनाडु में। आपलोग घरों में टीवी देखते हैं, रेडियो सुनते हैं। ये सब मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में बनता है। हमारे यहां अब सिर्फ जवान लड़कों को मजदूर बनाया जाता है। देशभर में जिसको भी मजदूरों की जरूरत होती है, बस भेजकर बिहार से मजदूर ले जाते हैं। बिहार को लोगों को लेबर का सप्लायर बना दिया है। ज्ञान की भूमि रही है बिहार, देवताओं को भी बिहार आकर ज्ञान मिला है। अव्यवस्था ने हमको आपको लो ग्रेड लेबर का सप्लायर बना दिया है। स्थिति बदलनी चाहिए, आपके लड़के जिंदगी भर मजदूर न रहे, इसलिए पदयात्रा करने निकले हैं। प्रशांत किशोर ने योगापट्टी प्रखंड के दर्जनभर गांवों का भ्रमण किया। लोगों से जन सुराज पर चर्चा की और इसके मायने को समझाया। पदयात्रा के दौरान प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाली लड़कियां मिलने पहुंची। उन्होंने पढ़ाई में आने वाली चुनौतियों को साझा किया। प्रशांत किशोर ने उन्हें सफलता का मूल मंत्र बताया। साथ ही पढ़ने के साथ समाज को आगे बढ़ाने की सीख दी।

छोटी खबरें

अपराधियों ने निकाली मां दुर्गा की मूर्ति से आंखें

सासाराम। जिले में मां दुर्गा के मंदिर में चोरी हुई है। अपराधियों ने मां दुर्गा की मूर्ति से उनकी सोने की दोनों आंखें निकाल ली। साथ ही मूर्ति पर चढ़ाए गए दूसरे आभूषण भी चोर अपने साथ ले गए। वारदात के दौरान मूर्ति को भी खंडित कर दिया गया। इधर जहानाबाद में राम मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की अष्टधातु की तीन मूर्तियों की भी चोरी हुई है। दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सासाराम के अड्डा रोड स्थित दुर्गा मंदिर में गुरुवार रात दो बजे के आस-पास चोरी की घटना हुई है। मां दुर्गा की मूर्ति में लगी सोने की आंख, मांग का टीका, कान की बाली, बिंदी समेत लगभग दो लाख के गहनों की चोरी की गई है। वारदात के लिए कांच के बॉक्स को तोड़ा गया। इस दौरान मां दुर्गा का हाथ भी क्षतिग्रस्त हो गया। चोरी की घटना को लेकर मोहल्ले वालों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यह पुलिस की नाकामी का परिणाम है। कहा कि चोरी की घटना का खुलासा नहीं होगा तो आंदोलन किया जाएगा।

दो मानव तस्कर गिरफ्तार, चार बच्चों को कराया गया मुक्त

सासाराम। जिले के डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है, तथा उसके पास से चार नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डेहरी रेलवे स्टेशन के आरपीएफ थानाध्यक्ष राम विलास पासवान ने शुक्रवार को बताया कि सहायक उपनिरीक्षक हरेराम कुमार साथ स्टाफ रेलवे सुरक्षा के द्वारा दो व्यक्ति को छोटे-छोटे बच्चों के साथ संदिग्ध अवस्था में प्लेटफार्म संख्या 03 के पश्चिमी छोर पर देखा गया। मामले में प्लेटफार्म संख्या तीन के पश्चिमी छोर पर दो व्यक्ति के साथ 04 छोटे-छोटे बच्चों को देखा गया, पास जाकर पूछताछ करने पर बच्चों के द्वारा बताया गया कि सभी राजस्थान मजदूरी करने जा रहे हैं। बच्चों ने बताया कि कि उनको लेकर जा रहे व्यक्ति हम उनके माता-पिता को ?3000 महीना देने की बात बताकर राजस्थान में फैक्ट्री में काम कराने ले जा रहे हैं। उक्त बच्चों को ले कर जा रहे व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना अपना नाम मंटू कुमार उम्र 27 वर्ष, पिता मिनी सिंह, ग्राम बगाही, थाना परइया, जिला गया बताया, जबकि दूसरा अरुण कुमार उम्र 25 वर्ष ,पिता विजय सिंह, ग्राम खिरियामां, थाना मदनपुर, जिला औरंगाबाद बताया गया।

डेंगू से बचाव : शहरों और गांवों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव व फॉगिंग

- मच्छर काटे जाने के करीब 3-5 दिनों के बाद दिखने लगता है मरीज में डेंगू बुखार का लक्षण
- बच्चों को डेंगू हो, तो अस्पताल में रखकर ही इलाज कराना रहेगा उचित

केटी न्यूज/बक्सर



जिले में फिलहाल डेंगू का प्रकोप कम हो गया है। लेकिन, मच्छरों की तादाद अभी कम नहीं हुई है। ऐसे में लोगों को अभी सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। ताकि, वो खुद के साथ अपने परिवार के सदस्यों को डेंगू या अन्य मच्छर जनित बीमारियों से बचा सकें। इस क्रम में सिविल सर्जन ने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। डेंगू बुखार से पीड़ित मरीज के खून में डेंगू वायरस बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। जब कोई एडीज मच्छर डेंगू के किसी मरीज को काटता है तो वह उस मरीज का खून चूसता है। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर में चला जाता है। जब डेंगू वायरस वाला वह मच्छर किसी और इंसान को काटता है तो उससे वह वायरस उस इंसान के शरीर में पहुंच जाता है, जिससे वह डेंगू वायरस से पीड़ित हो जाता है। काटे जाने के करीब तीन-पांच दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं। शरीर में बीमारी पनपने की मियाद तीन से 10 दिनों की भी हो सकती है।

बच्चे घर से बाहर पूरे कपड़े पहनकर जाएं

बच्चों का इम्युन सिस्टम ज्यादा कमजोर होता है और वे खुले में ज्यादा रहते हैं इसलिए उनके प्रति सचेत होने की ज्यादा जरूरत है। पैरेंट्स ध्यान दें कि बच्चे घर से बाहर पूरे कपड़े पहनकर जाएं। जहां खेलते हों, वहां आसपास गंदा पानी न जमा हो। स्कूल प्रशासन इस बात का ध्यान रखे कि स्कूलों में मच्छर न पनप पाएं। बहुत छोटे बच्चे खुलकर बीमारी के बारे में बता भी नहीं पाते इसलिए अगर बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा हो, लगातार सोए जा रहा हो, बेचैन हो, उसे तेज बुखार हो, शरीर पर रैशेज हों, उलटी हो या इनमें से कोई भी लक्षण हो तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं। बच्चों को डेंगू हो तो उन्हें अस्पताल में रखकर ही इलाज कराना चाहिए क्योंकि बच्चों में प्लेटलेट्स जल्दी गिरते हैं और उनमें डीहाइड्रेशन (पानी की कमी) भी जल्दी होता है।

डेंगू के मरीजों पर रखें विशेष नजर

सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बता दें सर्दी के मौसम के पहले बारिश होती है जिस कारण जगह-जगह में पानी जमा हो जाता है या हमारे घरों में कई ऐसी जगहों पर पानी जमा होता है। डेंगू के मच्छर ऐसे ही पानी में ही पनपता है। डेंगू का इलाज सही समय में नहीं मिलने से इंसान की मौत भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि डेंगू मरीजों के इलाज व्यवस्था में पूरी सावधानी बरती जा रही है। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर देखरेख की जा रही है। सदर अस्पताल समेत जिले के सभी पीएचसी में डेंगू के लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं। ताकि, डेंगू के मरीजों का उचित इलाज किया जा सके। वहीं, उनके खानपान का भी ध्यान रखा जा रहा है। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके।

पूछताछ में खुलासा : आभूषण व्यवसायी को उठा ले गये थे पांच लोग, बिहिया से दो लौट गये आरा

हिरासत में लिये गये लोगों की निशानदेही और मोबाइल सर्विलांस से हो रही तलाश

- बक्सर व सीमावर्ती जिलों में पुलिस की खोजबीन जारी, खंगाले गए सीडीआर
- मोबाइल टावर लोकेशन के साथ फॉरेंसिक टीम की मदद ले रही है पुलिस
- हिरासत में लिये गये लोगों की निशानदेही और मोबाइल सर्विलांस से हो रही तलाश
- अपहरण में शामिल अन्य की गिरफ्तारी और व्यवसायी की बरामदगी में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा



शहर के महाजन टोली नंबर एक निवासी अधिवक्ता सह आभूषण व्यवसायी हरिजी गुप्ता को पांच लोग आरा से उठा ले गये थे। उसमें उनका किरायेदार अमर कुमार और उसका दोस्त भी शामिल था। बिहिया के बाद दो आरोपित आरा लौट आये, जबकि दो व्यवसायी को लेकर दूसरी जगह चले गये। गिरफ्तार रितेश से पूछताछ में पुलिस को यह अहम जानकारी हाथ लगी है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार रितेश ने पूछताछ में बताया कि मारपीट करने के बाद व्यवसायी को उसे कार से ले जाया गया था। बिहिया जाने के बाद रितेश सहित दो लोग आरा लौट गये। जबकि अमर सहित अन्य तीन लोग व्यवसायी को लेकर कहीं और चले गये। अब पुलिस अमर सहित तीन अन्य की तलाश कर रही है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि उसमें एक को पुलिस ने पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि अमर कुमार का बक्सर के किसी गांव में रिश्तेदारी हैं?। वह पहले वहां गया था, लेकिन पनाह नहीं मिलने पर दूसरे जिले की ओर निकल गया। ऐसे में पुलिस बक्सर से पटना तक उसे तलाश कर रही है। हालांकि मोबाइल का टावर लोकेशन नहीं मिलने के कारण पुलिस की परेशानी बढ़ गयी है। बताया जा रहा कि व्यवसायी के मोबाइल का अंतिम लोकेशन बिहिया के जमुआ मोड़ और अमर का अंतिम टावर लोकेशन बक्सर के एक गांव तक मिला था।

बेटे की ओर से दर्ज प्राथमिकी में किरायेदार सहित पांच पर लगाया गया आरोप

आरा। आभूषण व्यवसायी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता को किराये के विवाद में मारपीट करने के बाद अगवा किया गया है। इससे पहले उनको फोन कर घर से मार्केट पर बुलाया गया था। व्यवसायी के बेटे उदय प्रकाश गुप्ता की ओर से दर्ज प्राथमिकी में इस बात की जानकारी दी गयी है। प्राथमिक में शहर के रौजा मोहल्ला निवासी किरायेदार आमर कुमार, उसके दोस्त रितेश, मार्केट से हटायी गयी महिला नाजो खातून और उसके पुत्र राजा सहित पांच पर आरोपित किया गया है।? प्राथमिकी में कहा गया है कि अमर कुमार किराये को लेकर अक्सर उनके पिता के साथ विवाद करता था। बुधवार की शाम उनके पिता किराया लेने बाइपास नहर बलुआही स्थित अपने मार्केट पर गये थे। तब अमर कुमार द्वारा उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गयी। उदय प्रकाश गुप्ता के अनुसार अन्य किरायेदार से पूछताछ में यह जानकारी मिली। बता दें के नगर थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक निवासी व्यवसायी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता बुधवार की शाम किराया वसूलने बाइपास बलुआही स्थित अपने मार्केट में गये थे। वहीं से मारपीट करने के बाद उनको अगवा कर लिया गया है। गुरुवार की सुबह उनकी बाइक मार्केट के नजदीक से बरामद की गयी थी। एसपी संजय कुमार सिंह के अनुसार व्यवसायी का अमर कुमार से किराये को लेकर विवाद था। वहीं एक सप्ताह पूर्व हटायी गयी महिला किरायेदार से भी रूम खाली कराने का विवाद सामने आया है। हर एंगल से छानबीन की जा रही है।

व्यवसायी में रोष : अपहरण के खिला व्यवसायी संघर्ष मोर्चा आज निकालेगा मार्च

आरा। बड़े आभूषण व्यवसायी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता के अपहरण के खिलाफ लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। सकुशल बरमदगी नहीं होने की स्थिति में लोग सड़क पर उतरने की तैयारी में जुट गये है। इसे लेकर व्यवसायी संघर्ष मोर्चा, बार एसोसिएशन और भाकपा माले की ओर से प्रशासन को अल्टीमेटम भी दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को घुंशीराम स्वर्णकार धर्मशाला में भानु गुप्ता की अध्यक्षता संघर्ष मोर्चा की आपात बैठक चंद्र में हुई।? उसमें व्यवसायी हरी जी गुप्ता के अपहरण की कड़ी निन्दा करते हुए पुलिस से जल्द से जल्द सकुशल वापस लाने की मांग की गयी। बैठक में अपहरण के खिलाफ शनिवार को शहर में मार्च निकालने का निर्माण लिया गया। कहा गया कि सुबह 10 बजे से एक बड़ा जनसमूह एसपी और डीएम को ज्ञापन सौंपेगा। बैठक में राज किशोर शर्मा, दुर्गा राज, राधे कृष्ण, क्यामुदीन अंसारी, मनीष गुप्ता, विभु जैन, धर्मेंद्र जी, विनोद जी, अरुण जी, गोपाल जी, लक्ष्मी शाह जी, शैलेंद्र जी, कमल जी, भोला जी, गुड्डू जी, सोना जी, परिजन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

एक नजर

मामूली विवाद में भतीजे ने चाचा को चाकू से गोदा, पटना रेफर



आरा। जिला मुख्यालय में टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह भतीजे ने अपने चाचा को चाकू से गोद दिया। उसने चाकू से अपने चाचा पर कई जगहों पर वार किया है। उसमें उसके चाचा गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उनको पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक रौजा मोहल्ला निवासी स्व. बुचन प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार उर्फ मल्लू है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी है। हालांकि घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। जख्मी युवक के भाई मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह मॉल में ड्यूटी कर रहा था। उसी बीच सूचना मिली कि उसके भाई रमेश कुमार और भतीजे के बीच झगड़ा हुआ है। उस पर वह घर पहुंचा, तो देखा कि उसके भतीजे बॉबी देओल उर्फ रवि कुमार पर चाकू से उसके भाई के शरीर के कई जगह पर चाकू मार दिया है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी चिंताजनक हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

भूरा तथा मधुआ कीट के प्रकोप से किसान परेशान, वैज्ञानिकों ने की जांच



जहानाबाद। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धान की फसल पर भूरा तथा मधुआ कीट के प्रकोप को देखा जा रहा है। भूरा मधुआ कीट के प्रकोप से अचानक चटाईनुमा आकार में खेतों में धान के फसल सुखने लगे हैं। लहलहाती फसल को अचानक सुखते देख किसान परेशान है। किसान अपनी सारी पूंजी खेतों में लगा चुके हैं और जब फसल काटने के समय आ रहा है, तो फसल बुरी तरह जल कर राख हो रही है। मधुआ कीट पर नियंत्रण को लेकर कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र गंधार के वैज्ञानिक दो दिनों से जिला के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान सर्वे टीम को भूरा तना मधुआ कीट का प्रकोप का छिटपुट घटना मिल रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. वाजीद हसन एवं सहायक निदेशक पौधा संरक्षण पदाधिकारी राजीव कुमार रजक ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण इस कीट का उत्पत्ति होती है। वयस्क कीट हल्के अथवा गहरे भूरे रंग का पंख युक्त या पंखविहीन 2:30 से 3:30 मिली मीटर लंबाई की होती है। जिले में कीट पर नियंत्रण के लिए तथा किसानों को सुझाव देने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर सहायक निदेशक पौधा संरक्षण पदाधिकारी राजीव कुमार रजक का 9123153552, वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, गंधार, डॉ वाजिद हसन का मोबाइल नंबर 7004942581 तथा पौधा संरक्षण निरीक्षक अनिल कुमार गौरव का मोबाइल नंबर 8210865298 व 9507343070 है। तीनों मोबाइल नंबर पर अगर किसानों के खेत में भूरा मधुआ कीट का प्रकोप है तो सूचना देकर विभाग से सुझाव ले सकते हैं।

घर में सो रही किशोरी की विषैले सांप के डंसने से मौत

आरा। जिले के चांदी थाना अंतर्गत सलेमपुर गांव में विषैले सांप के डंसने से एक किशोरी की मौत हो गयी। आरा सदर अस्पताल में इलाज करा घर जाने के बाद उसकी मौत हो गयी। मृत किशोरी सलेमपुर गांव निवासी भोला साव की 12 वर्षीया पुत्री नीजु कुमारी थी। उसके चाचा जटा साव ने बताया कि गुरुवार की रात घर में थी हो रही, तभी विषैले सांप ने उसे डंस लिया था। उससे उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां इलाज के बाद उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ, तो डाक्टरों की सलाह पर उसे वापस गांव ले जाया गया। गांव जाने के बाद कुछ घंटे बीत जाने के बाद उसकी तबीयत अचानक एक बार फिर बिगड़ गयी और वह बेहोश होने लगी। उसके बाद उसे जगा दिया और सोने नहीं दिया। लेकिन उसे इलाज के लिए फिर कहीं और नहीं ले गए। उसी दौरान शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद शव सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि किशोरी अपने तीन बहन और दो भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां सरिता देवी, बहन नीशु, लारो, भाई धीरज और गोलू हैं। घटना के बाद किशोरी के घर में कोहराम मच गया है।

लॉकेट छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

रोहतास। जिले के नोखा थाना क्षेत्र के हंसनाडीह गांव के पास शुक्रवार शाम एक बच्ची का लॉकेट छीनकर भाग रहे छिनतई करने वाले को ग्रामीणों ने पकड़ कर के पुलिस के हवाले कर दिया। बताते है कि गिरफ्तार युवक झारखण्ड के धनबाद जिले का रहने वाला है, जो अपने ससुराल आया था। परंतु चेन छीनैती के मामले में ससुराल की जगह जेल भेज दिया गया। नोखा थाना में घटना के बारे में थाने में आवेदन देते हुए राजू कुमार ने कहा है कि उसकी बेटी अनिता 11 वर्ष जो नटवर थाना क्षेत्र के खरवत गांव स्कुल से पढ़ करके अपने गांव हंसनाडीह लौट रही थी, की रास्ते मे युवक उसके लॉकेट छीन लिया, बताते हैं कि उसके साथ दो और युवक थे। बच्ची ने जाकर के घर में लॉकेट छीनने की बात बताई, तो हंसनाडीह गांव के लोग चोर को खोजते हुए पहुंचे तो उन्हें देख भाग रहे चोर को पकड़कर मारापीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

राजद को मिल रहा है अब सवर्णों का साथ : भाई बिरेंद्र

केटी न्यूज/बक्सर

माय समीकरण से आगे बढ़कर राजद अब ए टू जेड की पार्टी बन गई है। पार्टी को सवर्ण समाज का भरपूर साथ मिल रहा है। पार्टी का संचालन सामाजिक संरचना को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। यह कहना है मनेर विधायक स्टीमेट कमेटी के अध्यक्ष भाई बिरेंद्र का। बक्सर परिसदन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को सभी संप्रदाय का साथ मिल रहा है। पार्टी सभी को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार गठन का 2 महीना हो गया। सरकार का पूरा ख्याल है कि जनता से किए गए हर वायदे को ससमय पूरा किया जाए। भाजपा सरकार को महंगाई बेरोजगारी कि सरकार बताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार गरीब मजदूर किसान तथा नौजवान विरोधी है।

प्रेम संबंध में की गई थी सिकंदर की हत्या पत्नी और उसके प्रेमी समेत सात गिरफ्तार

केटी न्यूज/सासाराम

जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का सिकंदर यादव 26 साल हत्याकाण्ड का खुलासा हो गया। पत्नी और उसके प्रेमी द्वारा सुपारी दे हत्या कराई गई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि शिवसागर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी मुंशी यादव का बेटा सिकंदर यादव की हत्या चेनारी के सबरा बाद में 2 नवंबर को देर शाम एक ऑटो में गोली मार कर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेनारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने वारदात के समय ऑटो में साथ बैठे पहाड़पुर गांव के भुलन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ में यह बात सामने आई की मृतक की पत्नी मंजू देवी का प्रेम संबंध अशोक सिंह से था। पति को इसकी भनक लग गई थी, इसलिए पत्नी और उसके प्रेमी ने हत्या की साजिश रची। एसपी ने बताया कि मामले में अनुसंधान के क्रम में मृतक की पत्नी मंजू देवी, प्रेमी सरैया गांव के अशोक सिंह, पहाड़पुर गांव के भुलन यादव एवं पंकज सिंह, मंटू कुमार, संदीप कुमार एवं राकेश राय को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो कारतूस, दो बाइक, ऑटो, सात मोबाइल भी बरामद किया गया है।

संस्थागत प्रसव अपनाकर सुखद मातृत्व को करें अनुभव

- संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम से निपटने के लिए सबसे सुरक्षित कदम
- जननी सुरक्षा योजना के तहत आर्थिक लाभ

केटी न्यूज/भभुआ



सुरक्षित प्रसव व प्रसव के बाद मां और बच्चे की सुरक्षा बहुत ही गंभीर मुद्दा है। इस पूरे समय में किसी प्रकार की जटिलता या असावधानी दो जिंदगी को दाव पर लगा सकती हैं। प्रशिक्षित और सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों की देख रेख और किसी भी आपात परिस्थिति से निबटने की व्यवस्था के संग शिशु सुरक्षा के लिए भी सारी सुविधाएं तुरंत मिल सके, यह संस्थागत प्रसव की सुविधाओं का मूल भाव है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भधारण के बाद से ही प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता से गर्भवतियों के लिए सही आहार से लेकर प्रसव पूर्व जांच कर उनके शारीरिक बदलाव, यूरिन, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, बच्चे की स्थिति और विकास का पूरा ध्यान रखा जाता है। साथ ही, जांच के बाद आवश्यकतानुसार लिखी दवाएं महिलाओं को मुफ्त दी जाती हैं जो घर में प्रसव के दौरान संभव नहीं हो पाता है।

प्रसवोपरांत आर्थिक सहायता

जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर प्रसूति को आर्थिक सहायता के रूप में ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूतियों को 1400 रुपये व शहरी इलाके की प्रसूतियों को 1000 रुपये आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। प्रसव के तुरंत बाद परिवार नियोजन के स्थायी साधन अपनाने पर प्रसूति को 2000 रुपये व प्रसव के सात दिन बाद नियोजन कराने पर आर्थिक सहायता के रूप में 3000 रुपये दिये जाने का प्रावधान है।

यह है जिले की स्थिति

कैमूर जिले में संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में सुधार देखा जा रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के मुताबिक जिले की 83 .3 प्रतिशत महिलाओं ने प्रसव के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर भरोसा जताया है। वहीं, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में यह प्रतिशत 80 .1 था।

संस्थागत प्रसव के अन्य फायदे

- मातृ शिशु मृत्यु दर को घटाया जा सकता है और मां- बच्चे के स्वास्थ्य में गुणवततापूर्ण सुधार लाया जा सकता है
- अस्पताल में प्रसव होने से बच्चे को जन्म के तुरंत बाद पड़ने वाले टीके में असुविधा नहीं होती है
- जन्म संबन्धित जानकारी दर्ज रहने के कारण उनके सम्पूर्ण टीकाकरण में आसानी होती है
- बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र बनाने में दिक्कत नहीं होती है

उच्च जोखिम से निपटने के लिए सबसे सुरक्षित उपाय

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जेएन सिंह ने बताया कि जिन गर्भवतियों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी या पहले प्रसव के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत, अथवा गर्भस्थ शिशु का सही से विकास नहीं हुआ है, उन के लिए संस्थागत प्रसव ही एक मात्र सुरक्षित रास्ता है। अस्पताल में अत्याधुनिक यंत्रों, 24 घंटे खून और दवाइयों की उपलब्धता से ना सिर्फ बच्चे के जन्म काल में आ रही समस्याओं का तुरंत समाधान होना संभव है बल्कि लेबर रूम कर्मी द्वारा धैर्यपूर्वक समझाया जाता है कि बच्चे के जन्म के बाद माताओं को क्या-क्या करना चाहिए। बच्चे को पकड़ने से लेकर जन्म के पश्चात 1 घंटे के अंदर स्तनपान, 6 माह तक केवल स्तनपान, उनके टीकाकरण, माताओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह द्वारा एनीमिया दूर करने और उनके व बच्चे के गर्म कपड़ों और साफ सफाई का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

छोटी खबरें

बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, एक धराया

डुमरांव। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ गुरुवार को डोर-टू-डोर छापेमारी अभियान चलाया। कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान के तहत अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करते हुए एक उपभोक्ता को पकड़ा गया, जिसके खिलाफ 28740 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। बिजली चोरी में चिन्हित किया गया आरोपी शहर के हरेंद्र शर्मा बताया जाता है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी के ऊपर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पैसे के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

डुमरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकट गांव में पैसों के विवाद को लेकर मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित बीरबल राजभर ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले में पीड़ित ने अपने दिये गये आवेदन में बताया है कि बिगन राजभर, बबन राजभर और चंद्रावती ने अपने मोबाइल मेरे यहां गिरवी रखा था बगैर पैसे वापस किये ही मोबाइल देने का दबाव बनाने लगे।

15 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

नावानगर। सोनवर्षा ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक कारोबारी को 15 लिटर देश महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कारोबारी की पहचान स्थानीय गांव के राकेश राम के रूप में हुई है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी।

ब्रह्म का ज्ञान करता है सनातन धर्म, इसी से हुई धर्मों की उत्पत्ति : गंगा पुत्र

केटी न्यूज/ सिमरी



रासलीला का मंचन करते कलाकार



कथावाचक से देवकीनंदन जी से आशीर्वाद लेते टेकारी विधायक

- सिमरी में आकर्षण का केन्द्र बन गया है श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ

सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। इसी से सभी धर्मो की उत्पति हुई है। यह ब्रह्म का ज्ञान कराता है। उक्त बातें सिमरी में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवचन के दौरान श्री श्री 1008 श्री गंगापुत्र जी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म सबसे पुराना सबसे अच्छा है। इसी के द्वारा ब्रह्म को जाना जा सकता है। स्वामीजी महाराज ने कहा कि हमारा सनातन धर्म 95 हजार करोड़ वर्ष पुराना है। स्वामीजी ने कहा कि ब्रह्म का ज्ञान दुर्लभ है तथा इसका मार्ग सनातन धर्म से ही होकर जाता है। उन्होंने कहा कि पहले धर्म को जानो तब ब्रह्म को जान सकते हो। उन्होंने भगवान शिव का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान शिव ने जय सचितानंद जग पावन कह कर प्रणाम किया। लेकिन मैया के अंदर संदेह हो गया कि अगर ये ब्रह्म होते तो अपनी पत्नी को लता पताओ से पूछते मेरी पत्नी कहा है। परीक्षा लेने के लिए सती ने भगवान के पीछे से सीता का रूप धारण कर के गई लेकिन भगवान तुरंत पहचान गए। देवताओं को ध्यान लगाना पड़ता है, ब्रह्म को ध्यान लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। तब शंकर देखही धरी ध्याना, सती जो किन्ह चरित सब जाना। ब्रम्ह को जानने के लिए संतो के पास जाना पड़ेगा,उनसे मंत्र लेकर भगवान को जाना जा सकता है, जैसे सुक्ष्मजीवों को देखने के लिए सुक्ष्मदर्शी यंत्र का प्रयोग किया जाता है। वैसे ही भगवान को जानने के लिए मंत्र का प्रयोग किया जाता है। दूसरी तरफ इस महायज्ञ में हजारों श्रद्धालु हर दिन परिक्रमा कर रहे है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह टिकारी विधानसभा के विधायक डा अनिल कुमार, बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, भोजपुरी के चर्चित गायक विनय मिश्र आदि महायज्ञ स्थल पहुंच पूज्य श्री गंगापुत्र जी से आशीर्वाद लिए। जबकि आयोजन समिति के डा हिमांशु पांडेय, तिलकधारी पांडेय, डा अरबिंद पांडेय, डा आलोक पांडेय समेत दर्जन कार्यकर्ता साधु संतो व श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर है। इधर हर दिन रामलीला व रासलीा का आयोजन भी किया जा रहा है। रासलीला में आज भगवान श्रृकृष्ण के जन्म का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के करतल ध्वनियों तथा भगवान कृष्ण के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो गया। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही है।

कृषि विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे किसान, साहूकारों के हाथों धान बेचने को होंगे मजबूर

विभाग ने उत्पादन लक्ष्य को दिखाया है कम, नाराज है पैक्स अध्यक्ष

- उत्पादन संबंधित आंकड़े को सुधारने की हो रही है मांग

केटी न्यूज/बक्सर



खेत में खड़ी धान की फसल

एक तरफ राज्य सरकार कृषि को बढ़ावा देने व उत्पादन को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। तो दूसरी तरफ जिला कृषि विभाग आंकड़ो की बाजीगरी से किसानों को नुकसान पहुंचाने तथा उन्हें मेहनत से उत्पादित धान को साहूकारों के हाथों औने पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर कर रही है। हम बात कर रहे है इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा धान उत्पादन संबंधित आंकड़ो को कम दिखाने की। बता दें कि मॉनसून के प्रारंभिक दिनों में कम बारिश होने से रोपनी प्रभावित हुई थी। लेकिन किसानों ने अपने मेहतन से रोपनी के लक्ष्य को पूरा कर दिया है। बावजूद विभाग द्वारा अपने प्रतिवेदन में रोपनी व उत्पादन के लक्ष्य को कम दिखाया गया है। जिस कारण सरकारी स्तर पर धान खरीद का लक्ष्य भी घटा दिया गया है। इधर इस बार मानसून सत्र के अंत में अच्छी बारिश होने के बाद धान की बंपर पैदावार की उम्मीद बनी है। लेकिन, विभाग के इस प्रतिवेदन के बाद किसानों के हौसले पस्त हो गए है। उन्हें यह लगने लगा है कि अब उनके मेहनत का फायदा साहूकार उठाने लगे है। इधर पैक्स अध्यक्षों ने भी कम उत्पादन के प्रतिवेदन पर विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग करने लगे है। बता दें कि डुमरांव प्रखंड के नंदन, कसिया, चिलहरी, मुंगाव, भोजपुर जैसे धान का अधिक उत्पादन करने वाले पंचायतों के अलावे सिमरी प्रखंड के एकौना, गायघाट, आशा पड़री, मझवारी जैसे पंचायतों में भी उत्पादन को बहुत कम दिखाया गया है।

विभाग ने दिखाई है 170 हेक्टेयर में धान की रोपनी

डुमरांव व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष नंदन पंचायत में 480 हेक्टेयर में धान फसल की रोपनी हुई थी। इस आलोक में 22880 क्विंटल धान की खरीद पैक्स द्वारा की गई थी। उनका कहना है कि इस वर्ष भी धान की रोपनी उतनी ही हुई है। लेकिन जिला कृषि कार्यालय द्वारा संभावित उत्पादन प्रतिवेदन में धान की रोपनी 170 हेक्टेयर में दिखाया गया है। इस आलोक में धान का खरीद 4.20 एमटी करने का ही लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। यही हाल यही हाल अन्य पंचायतों को भी है। धान का खरीद 27880 क्विंटल हुआ था।

विभाग चाहे तो सही प्रतिवेदन आ सकता है सामने

पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि कृषि कार्यालय द्वारा टेबल रिपोर्टिंग करके प्रतिवेदन समर्पित करने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। अगर कृषि विभाग चाहे तो सही प्रतिवेदन सामने आ सकता है। धान का फसल अभी भी खेत में लगा है। उत्पादन का महज 28 प्रतिशत ही धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। उसी के हिसाब से सरकार द्वारा सीसी राशि का आवंटन किया जाता है। प्रत्येक साल 15 नवंबर से धान खरीद की शुरूआत होती है। यह समय नजदीक आ गया है। लेकिन विभाग द्वारा अबतक अपने प्रतिवेदन में सुधार नहीं किया गया है। जिस कारण उत्पादन के महज 28 प्रतिशत धान को ही किसान पैक्सों को बेच पाएंगे। इस संबंध में डुमरांव कृषि पदाधिकारी गोपाल जी प्रसाद ने बताया कि पैक्स अध्यक्षों की आपत्ति को जिला कृषि पदाधिकारी को भेजा जाएगा।

एक नजर

कपड़ा दुकान में घुसकर मारपीट, दुकानदार ने पैसा व मोबाईल लूटने का भी लगाया आरोप



दुकान पर घटना की जानकारी लेती पुलिस

डुमरांव। शुक्रवार की दोपहर कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के किसान खादी भंडार नामक कपड़े की दुकान में घुस करीब एक दर्जन युवकों द्वारा मारपीट की गई है। इस संबंध में दुकानदार ने पुलिस को दिए आवेदन में मारपीट के दौरान हथियार का भय दिखा 50-55 हजार रुपए तथा एक मोबाईल फोन लूटने का आरोप भी लगाया है। दिलचस्प यह है कि कपड़ा दुकानदार व आरोपी सभी युवक एक ही गांव के है। पीड़ित दुकानदार इसी थाना क्षेत्र के अरक पूरब टोला निवासी मनजीत कुमार सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह दोपहर में अपने भाई सोनू कुमार सिंह के साथ दुकान पर बैठा था। इसी दौरान अरक पूरब टोला के आकाश सिंह, विकास सिंह, विशाल सिंह, विकास सिंह, अविनाश सिंह, शेखर सिंह, रवि सिंह, समेत 6-7 अज्ञात युवक उसकी दुकान में घुस आए तथा दोनों भाईयों के साथ मारपीट करने लगे। वे अपने हाथो में लिए डंडे से उनकी पिटाई करने के साथ ही हथियार का भय दिखा गल्ले से 50-55 हजार रुपए नकद के साथ ही एक मोबाईल फोन भी लूट लिए। उसके कटरे के दुकानदारों ने एकजुटता दिखाते हुए हो हल्ला किया तब ये लोग भाग खड़े हुए। भागने के दौरान एक युवक को पकड़ा गया है। इधर सूत्रों का कहना है कि मामला आपसी विवाद का है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

54 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण



बक्सर। जिलाधिकारी अमन समीर ने कला भवन में 54 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया। संबल योजनान्तर्गत चलन्त दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 60 या उससे अधिक है, तो बैट्री चालित मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई जाती हैं। आज की कार्यक्रम में प्रथम स्क्रीनिंग समिति की बैठक में चयनित 54 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराते हुए जल्द ही शेष आवेदनों पर भी विचार करके मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बक्सर द्वारा दिव्यांगजनों से अनुरोध किया गया कि वह यातायात के नियमों का अनुपालन करते हुए ही एवं समुचित बचाव के साथ ही मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल का परिचालन करेंगे। आज के शिविर में मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल के परिचालन हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया। चुंकि इस योजना हेतु सिर्फ ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जाते हैं। अतः जिन दिव्यांगजनों ने अभीतक ऑनलाईन आवेदन नहीं किये हैं वों दिये गये लिंक https://online.bih.nic.in/SWF/SWFTC/Default.aspx पर आवेदन कर सकतें हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त बक्सर, सिविल सर्जन, बक्सर, अपर अनुमण्डल पदाधिकारी बक्सर, सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई बक्सर, सचिव रेडक्रॉस, बक्सर एवं जिला प्रबंधक बुनियाद केन्द्र बक्सर उपस्थित थे।

भारत भूषण सिंह बने रघुनाथपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष, 54 मतों से हुए विजयी

ब्रह्मपुर। स्थानीय प्रखंड के रघुनाथपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद का चुनाव शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में संपन्न हुआ। जिसमें भारत भूषण सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भूपेन्द्र सिंह को 54 मतों से पराजित कर व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके पहले चार प्रत्याशियों के लिए सुबह आठ बजे से साढ़े चार बजे तक मतदान किया गया। ब्रह्मपुर बीडीओ धीरेंद्र मिश्र ने बताया कि रघुनाथपुर व्यापार मंडल के लिए कुल चार प्रत्यासियों ने नामांकन कराया था जिसमे मार्कण्डेय सिंह, भारत भूषण सिंह, भूपेंद्र सिंह, और कमल सिंह थे। कुल 458 मतदाताओं में से 217 ने मतदान में हिस्सा लिया था। मतदान व मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। मतदान प्रक्रिया व मतगणना पूरी होने से जहा प्रशासन ने राहत की सांस ली वही विजयी बने भारत भूषण सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

देवोत्थान एकादशी पर भगवान वामनेश्वर मंदिर में धुमधाम से मना दीपोत्सव

बक्सर। शुक्रवार को देवोत्थान एकादशी के मौके पर भगवान वामन चेतना मंच के तत्वावधान में सेंट्रल जेल स्थित भगवान वामनेश्वर मंदिर परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा इसकी शुरूआत की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में घी के दीए जलाकर जिले के लोगों के मंगल के लिए कामना की। पूरे मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया था। दीप दान में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। पूरी श्रद्धा के साथ भगवान वामनेश्वर मंदिर में दीप जलाया गया। इस भगवान वामन की जयघोष से पूरा वातावरण गूंज रहा था। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु देवोत्थान एकादशी के दिन ही शयन निद्रा से जागते हैं। देवोत्थान एकादशी के दिन भगवान विष्णु के निमित्त घी के दिए जलाने का भी काफी महत्व है। भगवान वामन विष्णु के ही साक्षात अवतार थे। कार्यक्रम के दौरान भगवान वामन की जय घोष पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। मौके पर मृत्युंजय तिवारी, प्रकाश पांडेय ,संजय ओझा, मनोज तिवारी, अवधेश पांडेय, आशुतोष चतुवेर्दी, सोनू चौबे, अभिषेक ओझा, संजय चौबे, प्रमोद कुमार चौबे, सरोज तिवारी, कपिल मुनि त्रिगुन, राकेश पाण्डेय, चंद्रभूषण ओझा, अखिलेश समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

रेडक्रास की बैठक में कोषाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया निंदा प्रस्ताव

डुमरांव। स्थानीय छठिया पोखरा स्थित रेड क्रास सोसाईटी जिला उपशाखा डुमरांव के सदस्यों की एक अहम बैठक सचिव डा बालेश्वर सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पिछले दिन सोसाईटी के कोषाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता द्वारा वरीय सदस्य से किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की गई तथा उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। सचिव ने कहा कि उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया है तथा जबाव आने तक उनके द्वारा संपादित सभी कार्य स्थगित रखे गए है। इस दौरान वे आईआरसीएस का किसी भी रूप में प्रतिनिधित्व नहीं कर सकेंगे।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया बक्सर के कारागारों का निरीक्षण

- कारा बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुआ था भ्रमण

केटी न्यूज/बक्सर



निरीक्षण करते विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अन्य

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार शुक्रवार को पैन इंडिया जागरुकता कार्यक्रम के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बक्सर जिला के तीनों कारागारों केंद्रीय कारा बक्सर, मुक्त कारागार बक्सर, महिला मंडल कारागार, बक्सर तथा बाल कल्याण समिति, बक्सर का भ्रमण किया गया। भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य तीनों कारागारों में कारा बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु सूची तैयार करना था। जिसका निर्देश बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा प्राप्त है। इस दौरान माननीय सचिव द्वारा बताया गया कि आगामी विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर 2022 के उपलक्ष्य में हम अपने कार्यालय भवन विधिक सेवा सदन में एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में हम जिले के सभी निवासियों को एक छत के नीचे नालसा द्वारा चलाए जा रहे सभी जन कल्याणकारी योजनाओं, साथ ही बिहार सरकार, केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में, विधिक सेवा के उद्देश्य के बारे में लोगों को बताएंगे। मौके पर पैनल अधिवक्ता कुमार मानवेंद्र, मधु कुमारी, विष्णु दत्त द्विवेदी, रवि प्रकाश, कुमारी रिंकी, राजेश कुमार, शुभम उपाध्याय, विद्यासागर तिवारी, वही पारा विधिक स्वयं सेवक सरोज कुमार चौबे, शिव दयाल पांडेय, प्रिय रंजन पांडेय आदि उपस्थित थे।

कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी किलनिक



डॉ वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडीक सर्जन
M.B.B.S.,D. ORTHO PMCH
एफ आई एम एस (युके)
चि.पदा.अनुमंडलीय अस्पताल डुमरॉव
हड्डी, नस, गठीया रोग विशेषज्ञ

डॉ रविशंकर कुमार
M.B.B.S.M.D
Ex Resident L.G.I.M.S Patna
चर्म रोग विशेषज्ञ
MOB:9122226720

पता-सुमित्रा महिला कॉलेज से पुरब,ढेलवानी मोड़, डुमरॉव





छोटी खबरें

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत



बलिया। एनएच 31 पर स्थित हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ ढाले के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि दुबहड़ थाना क्षेत्र के ओझवलिया (बसरिकापुर) निवासी संजीत कुमार वर्मा (25) पुत्र स्व. नन्द जी वर्मा बैरिया थाना क्षेत्र के टोला सीवनराय स्थित अपने दोस्त के घर श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। इसी कार्यक्रम में संजीत का बड़ा भाई अमित भी कुछ देर बाद अपने तीन दोस्तों के साथ ऑटो से पहुंचा। वापसी में काफी देर हो जाने की वजह से अमित ने संजीत को भी ऑटो से ही घर चलने को कहा, लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था।

बाइक की चपेट में आकर अधेड़ घायल

बलिया। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में कस्बा के मोहल्ला मिल्की निवासी 55 वर्षीय भोरिक चौधरी घायल हो गये। आसपास के लोगों के सहयोग से स्थानीय सीएचसी व फिर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि भोरिक पैदल कहीं जा रहे थे। इसी बीच सिकन्दरपुर-बिल्थरारोड मार्ग पर मिल्की मोहल्ला मोड़ पर सड़क पार करते समय गुजर रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद सवार बाइक लेकर भागने में कामयाब हो गया।

दो वार्डों में 80 वोटरों के नाम

बलिया। निकाय चुनाव के मतदाता सूची के बीते 31 अक्तूबर को आलेख्य प्रकाशन के बाद एक नवम्बर से बीएलओ द्वारा दावा आपत्तियों को घर-घर व बूथों पर जाकर लिया जा रहा है। इस दौरान अधिकांश आपत्तियां वार्ड संशोधन, नाम सुधार की मिल रही है। ह्यहिन्दुस्तान टीम ने शहर सहित अन्य नगरपंचातों के बूथों पर पहुंचकर स्थिति को नजदीक से देखा। इस दौरान बांसडीह नगर पंचायत में कुछ मतदाताओं का नाम दो-दो वार्डों में है। साथ ही ग्रामीण भी शहरी मतदाता बन गये हैं।

प्लेटलेट्स व रक्तदान के लिए निकली जागरूकता रैली, लोगों ने स्वेच्छा से दिया खून

- साधना फाउंडेशन के बैनर तले स्कूली छात्रों ने शहरवासियों को किया जागरूक

केटी न्यूज/बलिया



रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करते लोग



रक्तदान करते लोग

डेंगू मरीजों की बढ़ती संख्या एवं हो रही मौत को कम करने के उद्देश्य से प्लेटलेट्सदान एवं रक्तदान के तहत शुक्रवार को जागरूकता महारैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मिश्रा कालोनी से हुआ, जिसमें महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के छात्रों एवं गुरुजनों की उपस्थिति में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि प्रतुल श्रीवास्तव एवं महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के डायरेक्टर सोमदत्त सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। महारैली साधना फाउंडेशन के संस्थापक सौरभ मौर्या के निर्देश पर शुक्रवार को पूरे प्रदेश में निकली गई।

इस दौरान साधना फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर एएन तिवारी एवं जिला प्रभारी ए ओझा के नेतृत्व में फाउंडेशन के सदस्यों ने विद्यालय परिवार के साथ रक्तदान महादान एवं प्लेटलेटदान महाअभियान रैली निकाली गई।

रैली विद्यालय प्रांगण से होते हुए सतीश चंद चौराहा रेलवे क्रॉसिंग, जापलिनगंज पुलिस चौकी, रामलीला मैदान, एलआईसी रोड, माल गोदाम रोड होते हुए सतीश चौराहे से विद्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। इस मौके पर मुख्य रूप से महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य डायरेक्टर सोमदत्त सिंह, प्रधानाचार्य यशवंत सिंह, पवन तिवारी, शैलेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, आशीष तिवारी, श्रीकांत यादव, अरुण गुप्ता, शिवनारायण राम के साथ ही साधना फाउंडेशन के अजीत ओझा, रितेश पांडेय, चंदन सिंह, सुनील पांडेय, सुदीप कुमार, अजय वर्मा, धर्मराज मौर्य, प्रदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वैच्छिक रक्तदान : 13 लोगों ने किया रक्तदान

बलिया। समाजसेवी संस्था साधना फाउंडेशन के बैनर तले शुक्रवार को महदानियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। कुल 13 यूनिट ब्लड डोनेट किया। इसके साथ ही डेंगू से बचाव के लिए संस्था के सदस्यों ने महत्वपूर्ण पहल की।

सड़कों को गड्ढामुक्त कराने में मिली गड़बड़ी डीएम ने जिम्मेदारों को जमकर फटकारा

- 15 नवंबर तक सड़कों को चुस्त-दुरुस्त करने का दिया अल्टीमेटम
- डीएम ने कार्यदायी संस्था जल निगम नगरीय के अधिकारियों को लगाई फटकार

केटी न्यूज/गाजीपुर



जांच करतीं डीएम व अन्य अधिकारी

जनपद की सड़कों को लेकर प्रदेश सरकार बेहद गंभीर है। शासन के निर्देश को जनपद के निर्माण/कार्यदायी संस्थाओं के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। आए दिन जनपद के लोगों द्वारा सड़कों के संबंध में शिकायत की जा रही है। जर्जर एंव गड्ढायुक्त सड़कों के कारण जहां आवागन बाधित हो रहा है, वहीं दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी नगर क्षेत्र के विभिन्न सड़कों/मार्गो का स्थलीय निरीक्षण किया। सड़कों की दयनीय स्थिति, सड़कों पर सीवर पाइप लाइन डालकर बनाई गई सड़कों में हुई अनियमितता देखकर नाराज हुई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था जल निगम नगरीय के अधिकारियों को फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने शुक्रवार को अपराह्न में नगर के विभिन्न सड़कों/मार्गो का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी/निर्माण संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आगामी 15 नवंबर तक जनपद की समस्त जर्जर एवं गड्ढा युक्त सड़कों को सही कराते हुए जनपद गाजीपुर को गड्ढामुक्त कराते हुए चलने योग्य बनाने का निर्देश दिया।

डीएम ने शुक्रवार को चोचकपुर मार्ग दो किमी तक, महादेवा मन्दिर से एसपी बंगला मार्ग, एनएच-29 से एसपी कार्यालय मार्ग, सिंचाई विभाग चौराहा से शिव मन्दिर तक संपर्क मार्ग, सिंचाई विभाग चौराहा से बड़ीबाग चुंगी मार्ग एवं लंका अंधऊ बाईपास मार्ग से बिन्दु होटल होते हुए मिरनापुर तक सम्पर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को सड़कों को मानक के अनरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, अधिशासी अभियंता लोनिवि, अवर अभियन्ता नगर पालिका, एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित थे।

हाइट बैरियर और सीसीटीवी से की जा रही है हमीद सेतु की निगरानी

गाजीपुर। गुजरात की मोरबी घटना के बाद जिला प्रशासन पुलों को लेकर अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। जिले के विभिन्न पुलों के रख रखाव को लेकर खास सतर्कता बरतने का दावा किया जा रहा है। सबसे बड़े पुल हमीद सेतु पर ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गयी है। गाजीपुर में गंगा नदी पर बने इस पुल की कई बार मरम्मत हो चुकी है, जबकि इंजीनियरों ने इस पुल पर भार ढोने की क्षमता में कमी आने की बात भी जाहिर की है। ऐसे में हमीद सेतु पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि हमीद सेतु पर हाइट बैरियर और सीसीटीवी के जरिये निगरानी की जा रही है। जिससे किसी भी तरह के खतरे से बच जा सके। फिलहाल गाजीपुर में अन्य किसी भी पुल को लेकर किसी भी तरह के टेक्निकल डैमेज की बात सामने नहीं आई है। लेकिन जिले के अन्य पुलों की भी जांच की जा रही है। जिले के सभी पुलों के रखरखाव को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

एक नजर

तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, छह यात्री जख्मी, पांच की हालत गंभीर



घटना स्थल पर मौजूद लोग

बलिया। जिले के बांसडीह-बलिया मुख्य मार्ग पर बड़सरी गांव के सामने तेज रफ्तार लक्जरी वाहन एवं ई रिक्शा के टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। जिसमें पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी है। बताया जाता है कि शुक्रवार की अलसुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा शेरिया से छह महिलाए एकादशी ब्रत पर ई रिक्शा से गंगा स्नान के लिए बलिया जा रहे थी कि अचानक बलिया मुख्य मार्ग पर बडसरी गांव के समीप बलिया से आ रही अज्ञात लक्जरी वाहन गाड़ी से टक्कर हो गयी।घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। जिसमें एक महिला की मृत्यु एव पांच अन्य महिलाएं घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को तत्काल बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चम्पा देवी (68) पत्नी स्व विश्वनाथ वर्मा को मृत घोषित कर दिया। वही अन्य घायलों में मीना देवी (45) पत्नी रमाकांत, प्रीति (22) पुत्री छठु, सुगंती देवी (44) पत्नी छठु, चन्द्रवती देवी (40) पत्नी राजेन्द्र का प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया।वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात आयुष चिकित्सक डॉ. विनोद सिंह, आयुष चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने घायलों का इलाज किया गया।वहीं घटना के बाद लक्जरी वाहन को चालक लेकर फरार हो गया।

गैंगस्टर एक्ट के तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष की कैद व अर्थदंड की मिली सजा

बलिया। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष के कारावास व 5000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा ना करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत राम चौहान के बेटे अजय चौहान व संजय चौहान तथा रेवती थाना अंतर्गत घाघरओली बिशनपुरा निवासी झकड़ी चौहान का बेटा भगवान चौहान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत 2013 में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें वादी मुकदमा ने थाने में तहरीर दिया था कि उपरोक्त लोगों का समाज में भय एवं आतंक है। यह अपराधी प्रवृति के लोग हैं, जिससे कोई गवाही देने को तैयार नहीं होता है। यह अपराधीगण कृत्य करके अवैध रूप से धन की उगाही करते हैं और समाज में दहशत फैला हुए हैं। इस पर उक्त मामले का थाना रेवती में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित हुआ। जिस पर न्यायालय ने अभियोजन के तरफ से प्रस्तुत समस्त साक्ष्यों का न्यायिक परिसीलन करने के उपरांत व अभियोजन के तरफ से अजय तिवारी विशेष लोक अभियोजक गैंगेस्टर एक्ट व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के उपरांत अदालत ने फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित मामलों का होगा निस्तारण

गाजीपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर के दिशा-निर्देशन में कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 09 से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पुराने लम्बित अपराधिक वादों, ट्रैफिक चालानों तथा नगरपालिका चालानों का निस्तारण तथा दिनांक 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय में किया जा रहा है।जिलेवासियों को यह सूचित किया जाता है कि वादकारी अपने पुराने लम्बित अपराधिक वादों, ट्रैफिक चालानों तथा नगरपालिका चालान, छोटे व लघु दांडिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एनआईएक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से परिपक्व कराकर एवं आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों को आपसी सुलह वार्ता के आधार पर निस्तारण करा सकते है।

अज्ञात कारणों से जली झोंपड़ी में चलने वाली दो दुकान, हजारों रुपए की संपत्ति जलकर राख

बलिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद चट्टी के पास गुरुवार की रात दो झोपड़ी की दुकानों में किसी अज्ञात कारणों से आग लग गई। उसमें रखे हजारों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि चट्टी पर एक झोपड़ी में डॉ. सुभाष राजभर डिस्पेंसरी खोलकर मरीजों का इलाज करते थे। दूसरे झोपड़ी में चंद्रिका कन्नौजिया कपड़ा प्रेस करते थे। दोनों दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें शाम को बंदकर घर चले गए। इस बीच देर रात में किसी प्रकार से दोनों झोपड़ियों में आग पकड़ लिया।इस दौरान आग की लपटें धीरे-धीरे तेज हो गई और उसमें रखे दवा, कुर्सी-मेज, मोबाइल, चौकी, प्रेस, कपड़ा आदि सामान जलकर नष्ट हो गए। आसपास के लोगों से सूचना पाकर रात में ही जब तक दोनों दुकानदार मौके पर पहुंचे झोपड़ी में रखा सारा सामान आग के हवाले हो चुका था।

बलिया में विद्युत विभाग की टीम ने की छापेमारी घर छोड़कर भागे बकायेदार



केटी न्यूज/बलिया

जिले के बाली तहसील में विद्युत विभाग के कर्मचारी और उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को छापेमारी की गई। छापेमारी की जानकारी मिलने पर आरसी जारी बकायेदार घर छोड़कर फरार हो गए। एसडीएम ने कहा कि बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर विद्युत विभाग की टीम उपजिलाधिकारी बांसडीह राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बांसडीह टाउन, मेरिटार एवं केवड़ा अन्य गांवों में छापेमारी की गई । जिसमें बकाएदार मुकेश गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा निवासी मेरिटार, उषा मिश्रा , हाशिम अहमद एवं मुमताज ग्राम केवड़ा, अशोक कुमार सोनी, द्वारिका सोनी बांसडीह टाउन इत्यादि के विरुद्ध कार्रवाई की गई अधिकतर बकायेदार घर छोड़कर भाग गए। अशोक सोनी ने 20,000 रुपए तत्काल जमा किए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा स धनराशि न जमा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कुर्की, नीलामी तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने बताया कि बड़े बकायेदारों आरसी जारी कर दी गई है। वसूली अभियान में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ता हर हाल में विद्युत बकाया जमा कर दें। इसके लिए उप केंद्रों पर कैंप लगाए जा रहे हैं। बिजनेस टीम भी लगातार कार्रवाई कर रही है।

छात्रों ने आजमगढ़ डीएम का रोका काफिला, जानकारी होने पर हटे

छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलित हैं छात्र

केटी न्यूज/बलिया



प्रदर्शन करते आक्रोशित छात्र

बलिया के कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर टीडी कॉलेज चौराहा पर पिछले चार दिनों से छात्र नेता आमरण अनशन पर बैठे हैं। शुक्रवार को बलिया डीएम के भ्रमण में छात्रों ने आजमगढ़ डीएम के काफिले को रोककर प्रदर्शन करने लगे। यह देख सुरक्षाकर्मियों के होश उड़ गए। गाड़ी के बाहर निकल छात्रों को आजमगढ़ डीएम होने की जानकारी छात्रों को दी। उसके पश्चात छात्रों ने वाहनों को जाने दिया। अनशन पर बैठे छात्रों की अब तक कोई प्रशासनिक अधिकारी द्वारा संज्ञान न लेने से आहत छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। अनशन स्थल पर सैकड़ों की संख्या में छात्र डीएम कार्यालय जाने की तैयारी में थे। उसी दौरान डीएम की इनोवा आते ही छात्र गाड़ी के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। छात्रों की भीड़ देख सुरक्षाकर्मियों ने वाहन से उतरकर छात्रों को आजमगढ़ डीएम के होने की जानकारी दी। छात्रसंघ चुनाव को लेकर चल रहे आंदोलन को लेकर टीडी कॉलेज सहित कई महाविद्यालयों के छात्रों ने क्लास छोड़ परिसर में प्रदर्शन किया।


डीएम को सौंपा पत्रक

पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर रैली की शक्ल में पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। छात्रसंघ चुनाव और आमरण अनशन पर बैठे छात्रों के बारे में डीएम को पत्रक सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन लोकतंत्र की हत्या कर छात्रों की आवाज दबाना चाहता है। अगर जल्द चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं की गई तो जनपद स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, भेजी गई 200 डोज

- फ्लू के संभावित मरीजों के लिए जिला अस्पताल के कोविड वार्ड आरक्षित
- लोगों को होना होगा जागरूक, लक्षणों की पहचान भी जरूरी

केटी न्यूज/बलिया



स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होने और मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाए जाने के लिए जिले को 200 डोज भेजी गई है।

बीमारी को लेकर ब्लाकवार रैपिड रिस्पांस टीम को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मरीजों की देखभाल के लिए इमरजेंसी में तैनात होने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण कराया जा रहा है। चिकित्सकों को स्वाइन फ्लू का लक्षण दिखने पर तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं। स्वाइन फ्लू वायरस जनित बीमारी है।

स्वाइन फ्लू से ऐसे करें बचाव

बलिया। घर और आसपास सफाई रखें, गंदा पानी इकट्ठा न होने दें, स्वाइन फ्लू के मरीज से दूरी बनाकर रखें, स्वाइन फ्लू से पीड़ित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखें। हाथों को समय-समय पर धोते रहें। भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। खांसते या छींकते समय रुमाल या टिश्यू पेपर का प्रयोग करें, भीड़ या बाजार में मास्क का प्रयोग करें।

हालांकि, अभी तक जिले में स्वाइन फ्लू का कोई केस नहीं मिला है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग बीमारी को लेकर अलर्ट है। विभाग की ओर से बीमारी से बचाव के लिए दस्तक अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने सभी सीएचसी अधीक्षकों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों में आने वाले बुखार के मरीजों की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं।

जिले में फ्लू का कोई केस नहीं

सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने बताया कि जिले में स्वाइन फ्लू का कोई केस नहीं मिला है, फ्लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। चिकित्सकों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। लेकिन, इसके लिए लोगों को भी जागरूक होने के जरूरत है। इसके लिए उन्हें लक्षणों को जानना जरूरी है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार आना, सूखी खांसी, सिरदर्द, कमजोरी और थकान होना, मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और बदन दर्द, पेट दर्द के साथ दस्त, उल्टी, गले में खराश, छींक आना, नींद न आना, भूख कम लगना और कभी-कभी निमोनिया और सांस लेने में परेशानी हो सकती है।